हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 11 अंक : 234 देहरादून, शनिवार, 11 मार्च, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



चीफ पोस्टमास्टर जनरल, उत्तराखण्ड अमिताभ खरकवाल ने की राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट 3

# अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी की अध्यक्षता में हुई चारधाम यात्रा से जुड़े होटल व्यवसायियों, तीर्थपुरोहित समाज व टूर ऑपरेटर्स की बैठक

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। उत्तराखण्ड में आगामी माह से शुरू होने चारधाम यात्रा की तैयारियों को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी की अध्यक्षता में शुक्रवार को सचिवालय में चारधाम यात्रा से जुड़े होटल व्यवसायियों, तीर्थपुरोहित समाज व टूर ऑपरेटर्स के साथ बैठक आयोजित की गई।

अपर मुख्य सचिव ने कहा कि पिछले वर्ष चारधाम यात्रा में जितनी संख्या में श्रद्धालु पहुँचे थे, इस बार उससे अधिक आने की संभावना है, लिहाज़ा सरकार हर स्तर पर तैयारियों की समीक्षा कर रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि केदारनाथ, बदरीनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री धाम में कपाट खुलने से पहले बिजली- पानी की व्यवस्था को सुचारू कर दिया जाए। अपर मुख्य सचिव ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया को और भी सुलभ बनाए जाने के निर्देश दिए। अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने चारधाम यात्रा से जुड़े सभी प्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा कि चारधाम यात्रा को लेकर पूरे देश में सकारात्मक संदेश जाए उस दिशा में हम सबको सामूहिक प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि देश दुनिया में हमारे प्रदेश की छवि पर्यटन प्रदेश कि रूप में है ऐसे में हम सबको को इस बात को ध्यान रखना होगा कि जो भी यात्री प्रदेश में आए वह एक अच्छा अनुभव लेकर वापस जाए। बैठक में सचिव पर्यटन सचिन कुर्वे ने कहा जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष चारधाम यात्रा के लिए गुरुवार तक 2 लाख 12 हज़ार से अधिक पंजीकरण हो चुके हैं। चारधाम यात्रियों को पंजीकरण के लिए 65 दिनों का समय दिया गया है, इसके अलावा यात्रियों की सुविधा हेतु ऑन कॉल पंजीकरण और व्हास्ट्सएप्प के माध्यम से पंजीकरण की व्यवस्था भी लागू की गई है। सचिव पर्यटन ने बताया कि हेलीकॉप्टर सेवा के पंजीकरण के लिए और भी बेहतर और पारदर्शी व्यवस्था इस वर्ष लागू की जा रही है।







बैठक के दौरान गंगा सभा के अध्यक्ष संजीव सेमवाल ने गंगोत्री धाम में नए घाट निर्माण को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और राज्य सरकार का आभार प्रकट किया। उत्तरकाशी होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष शैलेंद्र मटूड़ा ने पार्किंग संबंधी सुझाव दिए। इस दौरान उत्तराखण्ड टूर ऑपरेटर एसोसिएशन के अभिषेक आहलूवालिया, चारधाम महापंचायत से डॉ बृजेश सती, गंगोत्री तीर्थपुरोहित समाज से रजनीकांत सेमवाल ने भी महत्वपूर्ण सुझाव दिये। इस दौरान अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने कहा कि बैठक में विभिन्न धामों से आये प्रतिनिधियों द्वारा जो भी महत्वपूर्ण सुझाव दिये गये हैं उन्हें माननीय मुख्यमंत्री को भी अवगत कराया जाएगा।

इस दौरान मुख्यमंत्री के पूर्व जनसंपर्क अधिकारी किशोर भट्ट, बदरीनाथ होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश मेहता समेत चारों धामों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# देहरादून-मसूरी रोड पर खाई में गिरी फॉर्च्यूनर, 6 लोगों की हालत गंभीर

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

मसूरी 11 मार्च : देहरादून से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां मसूरी रोड पर पर्यटकों की कार खाई में गिर गई। इस हादसे में एक ही परिवार के 6 लोग घायल हो गए। बताया जा रहा है कि ये हादसा भट्टा फॉल के पास हुआ।

नरेश जैन अपने पूरे परिवार के साथ मसूरी घूमने आ रहे थे। इस बीच कार भट्टा फॉल के पास पहुंची और अचानक







अनियंत्रित हो गई। इसके बाद देखते ही देखते कार खाई में समा गई। मौके पर हड़कंप मच गया। लोगों ने तुरंत पुलिस को इस बाबत खबर की। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर सभी को रेस्क्यू किया। कार में सवार सभी लोगों की हालत नाजुक है। हादसे में नरेश जैन परिवार के 6 लोगों के साथ ड्राइवर भी गंभीर रूप से घायल है। सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया है। हमारी आपसे अपील है कि पहाड़ों में हमेशा संभलकर ही वाहन चलाएं।


# सीएम धामी ने की केंद्रीय मंत्री भारी उद्योग मंत्रालय डॉ महेन्द्र नाथ पाण्डेय से शिष्टाचार भेंट



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री, भारी उद्योग मंत्रालय डॉ महेन्द्र नाथ पाण्डेय से शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से राज्य में इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशन जल्द बनाने के लिए अनुरोध किया। उत्तराखंड में इलेक्ट्रिक व्हीकल्स एवं बैटरी उत्पाद में निवेश के लिए सहायता का अनुरोध किया। साथ ही ऑटोमोटिव उद्योग में नवाचार और नई तकनीक पर शोध एवं प्रोत्साहन के लिए उत्तराखंड में इंडस्ट्री पार्टनर के साथ सेंटर ऑफ एक्सीलेंस शुरू करवाने का आग्रह किया ताकि प्रदेश में दक्षता विकास, औद्योगिक विकास के साथ साथ औद्योगिक निवेश भी आये। राज्य में निवेश बढने से रोज़गार सृजन के अवसर बढ़ेंगे। केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री डॉ महेंद्र नाथ पांडेय ने राज्य में औद्योगिक विकास के लिए केंद्र सरकार से हर संभव सहयोग के प्रति आश्वस्त किया।

# उत्तराखंड : मार्च में मई जैसी गर्मी झेलने के लिए तैयार रहिए





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उत्तराखंड 11 मार्च : बीते सालों की तुलना में इस साल सूरज के तेवर ज्यादा तल्ख दिख रहे हैं। गर्मी का आलम ये है कि इस बार मैदानी जिलों में फरवरी में ही पंखे चलने शुरू हो गए।

अब होली के बीतने के बाद मौसम विज्ञानियों ने गर्मी को लेकर टेंशन बढ़ाने वाली खबर दी है। मौसम विज्ञानियों ने इस बार मार्च में मई जैसी गर्मी पड़ने का अंदेशा जताया है। इसको लेकर अलर्ट भी जारी किया गया है। मार्च के पहले हफ्ते में ऊधमसिंह नगर समेत समूचे उत्तराखंड में तापमान तेजी से बढ़ा है, जिससे गर्मी भी बढ़ गई है। बीते कुछ दिनों से तापमान सामान्य की तुलना में अधिक रहा। मौसम में हो रहे बदलाव के चलते वैज्ञानिकों ने इस बार भीषण गर्मी पड़ने के संकेत दिए हैं।गर्मी बढ़ने से मार्च में ही मई जैसी गर्मी का अहसास होने लगेगा, गर्म हवाओं के थपेड़े चल सकते हैं। प्रदूषण बढ़ रहा है, ग्रीन हाउस इफेक्ट बढ़ने से जलवायु में परिवर्तन हो रहा है। इसके दुष्प्रभाव से भीषण गर्मी पड़ने का अनुमान है। बीते 6 सालों में इस साल मार्च का महीना सबसे गर्म रहा। बीते साल मार्च में ऊधमसिंह नगर जिले का अधिकतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस था, जो कि इस साल 31 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। यह बीते साल की तुलना में 5 डिग्री अधिक है।

# 20 हजार से भी कम होगी कीमत, आने वाला है पोको का ये गज़ब 5G स्मार्टफोन




**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

11 मार्च : भारतीय बाजार में पिछले महीने POCO X5 Pro 5G लॉन्च करने के बाद, POCO India अब देश में वैनिला POCO X5 5G लॉन्च करने के लिए पूरी तरह तैयार है। आधिकारिक घोषणा के अनुसार, POCO X5 5G भारतीय बाजार में 14 मार्च को लॉन्च होगा। कंपनी POCO X5 5G इंडिया लॉन्च की तारीख की घोषणा अपने सोशल मीडिया चैनल पर की है।

**POCO X5 Pro 5G इन कलर ऑप्शन में होगा लॉन्च**

दूसरे सभी POCO स्मार्टफोन्स की तरह, POCO X5 को भारतीय बाजार में सिर्फ फ्लिपकार्ट के माध्यम से बेचा जाएगा। POCO, POCO X5 5G की मार्केटिंग 5G ऑल स्टार के रूप में कर रहा है। कंपनी द्वारा जारी किए गए टीजर में POCO X5 5G के कलर ऑप्शन को भी दिखाया गया है। टीजर के अनुसार, POCO X5 5G भारतीय बाजार में ब्लैक, ब्लू और ग्रीन कलर ऑप्शन में लॉन्च होगा।

**POCO X5 Pro 5G की कीमत**

POCO India ने हाल ही में खुलासा किया था कि आगामी POCO X5 5G की कीमत बाजार में 20,000 रुपये से कम होगी। इससे पता चलता है कि POCO X5 5G देश में ब्रांड का सबसे सस्ता X-सीरीज स्मार्टफोन हो सकता है। आपको याद दिला दें कि POCO X5 को पिछले महीने ग्लोबल मार्केट में POCO X5 Pro के साथ लॉन्च किया गया था।

**POCO X5 Pro 5G की खासियत**

POCO X5 5G में 120Hz रिफ्रेश रेट, फुल एचडी + रिज़ॉल्यूशन, 1200 units पीक ब्राइटनेस और कॉर्निंग गोरिल्ला ग्लास 3 प्रोटेक्शन के साथ 6.67-इंच AMOLED डिस्प्ले दी गई है। स्मार्टफोन क्वालकॉम स्नैपड्रैगन 695 प्रोसेसर और एड्रेनो 619 जीपीयू से लैस है। यह 8GB तक LPDDR4X रैम और 256GB तक UFS 2.2 स्टोरेज के साथ आता है।

**POCO X5 Pro 5G के फीचर्स**

POCO X5 5G ट्रिपल-रियर कैमरा सेटअप के साथ आता है जिसमें 48MP का प्राइमरी कैमरा, 8MP अल्ट्रा-वाइड-एंगल लेंस, 2MP मैक्रो सेंसर और एक एलईडी फ्लैश शामिल है। स्मार्टफोन में सेल्फी और वीडियो कॉल के लिए 13MP का फ्रंट कैमरा दिया गया है है। नए X-सीरीज़ स्मार्टफोन 5000mAh बैटरी यूनिट और 33W फास्ट चार्जिंग सपोर्ट से लैस है। प्राइवेसी के लिए इसमें एक साइड-माउंटेड फिंगरप्रिंट स्कैनर भी दिया गया है।

भारतीय बाजार में पिछले महीने POCO X5 Pro 5G लॉन्च करने के बाद, POCO India अब देश में वैनिला POCO X5 5G लॉन्च करने के लिए पूरी तरह तैयार है। आधिकारिक घोषणा के अनुसार, POCO X5 5G भारतीय बाजार में 14 मार्च को लॉन्च होगा। कंपनी POCO X5 5G इंडिया लॉन्च की तारीख की घोषणा अपने सोशल मीडिया चैनल पर की है।

**POCO X5 Pro 5G इन कलर ऑप्शन में होगा लॉन्च**

दूसरे सभी POCO स्मार्टफोन्स की तरह, POCO X5 को भारतीय बाजार में सिर्फ फ्लिपकार्ट के माध्यम से बेचा जाएगा। POCO, POCO X5 5G की मार्केटिंग 5G ऑल स्टार के रूप में कर रहा है। कंपनी द्वारा जारी किए गए टीजर में POCO X5 5G के कलर ऑप्शन को भी दिखाया गया है। टीजर के अनुसार, POCO X5 5G भारतीय बाजार में ब्लैक, ब्लू और ग्रीन कलर ऑप्शन में लॉन्च होगा।

**POCO X5 Pro 5G की कीमत**

POCO India ने हाल ही में खुलासा किया था कि आगामी POCO X5 5G की कीमत बाजार में 20,000 रुपये से कम होगी। इससे पता चलता है कि POCO X5 5G देश में ब्रांड का सबसे सस्ता X-सीरीज स्मार्टफोन हो सकता है। आपको याद दिला दें कि POCO X5 को पिछले महीने ग्लोबल मार्केट में POCO X5 Pro के साथ लॉन्च किया गया था।

**POCO X5 Pro 5G की खासियत**

POCO X5 5G में 120Hz रिफ्रेश रेट, फुल एचडी + रिज़ॉल्यूशन, 1200 units पीक ब्राइटनेस और कॉर्निंग गोरिल्ला ग्लास 3 प्रोटेक्शन के साथ 6.67-इंच AMOLED डिस्प्ले दी गई है। स्मार्टफोन क्वालकॉम स्नैपड्रैगन 695 प्रोसेसर और एड्रेनो 619 जीपीयू से लैस है। यह 8GB तक LPDDR4X रैम और 256GB तक UFS 2.2 स्टोरेज के साथ आता है।

**POCO X5 Pro 5G के फीचर्स**

POCO X5 5G ट्रिपल-रियर कैमरा सेटअप के साथ आता है जिसमें 48MP का प्राइमरी कैमरा, 8MP अल्ट्रा-वाइड-एंगल लेंस, 2MP मैक्रो सेंसर और एक एलईडी फ्लैश शामिल है। स्मार्टफोन में सेल्फी और वीडियो कॉल के लिए 13MP का फ्रंट कैमरा दिया गया है है। नए X-सीरीज़ स्मार्टफोन 5000mAh बैटरी यूनिट और 33W फास्ट चार्जिंग सपोर्ट से लैस है। प्राइवेसी के लिए इसमें एक साइड-माउंटेड फिंगरप्रिंट स्कैनर भी दिया गया है।

# धामी शासन अधिकारियों पर सख्त, बजट की धनराशि पर कुंडली मारकर बैठने को वित्तीय अनुशासनहीनता माना जाएगा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून 11 मार्च : अपर मुख्य सचिव वित्त आनंद वर्धन ने चालू वित्तीय वर्ष के अंतिम दिनों में बजट स्वीकृति और खर्च को लेकर सख्त रुख अपनाया है। समाप्ति की ओर बढ़ रहे चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 के अंतिम दिनों में बजट को ठिकाने लगाने की कोशिश करने वाले विभागों पर शिकंजा कसेगा। बजट की पार्किंग या बैंक ड्राफ्ट बनाकर धनराशि पर कुंडली मारकर बैठने को वित्तीय अनुशासनहीनता माना जाएगा।इस से संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को दोषी मानते हुए उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। वित्त अपर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने इस संबंध में सभी अपर मुख्य सचिवों, प्रमुख सचिवों, विभागाध्यक्षों, मंडलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों को आदेश जारी किए हैं। अपर मुख्य सचिव वित्त आनंद बर्द्धन ने चालू वित्तीय वर्ष के अंतिम दिनों में बजट स्वीकृति और खर्च को लेकर सख्त रुख अपनाया है। बजट उपयोग और प्रदेश के कोषागारों, उप कोषागारों में ई-पेमेंट की प्रणाली लागू होने के कारण आहरण वितरण कार्य में ढिलाई नहीं बरतने की चेतावनी जारी की गई है।उन्होंने विभागों को सभी वित्तीय स्वीकृतियां 15 मार्च के बाद जारी नहीं करने की हिदायत दी है। इसे बाध्यता से केंद्र पोषित योजनाओं, बाह्य सहायतित योजनाओं, पूंजीगत सहायता मद में केंद्रीय योजना, विशेष आयोजनागत सहायता और जी-20 बैठक से संबंधित कार्यों को बाहर रखा गया है।

आहरण वितरण अधिकारियों को कोषागारों व उप कोषागारों में लागू ई-पेमेंट व्यवस्था को देखते हुए 20 मार्च तक सभी बिलों को कोषागारों में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। बिलों को ऑनलाइन तैयार करना होगा। मैनुअल बिल कोषागार स्वीकार नहीं करेंगे। बिलों की जांच के लिए 25 मार्च तक मोहलत दी गई है। ई-पेमेंट के लिए ट्रांजेक्शन फाइल 28 मार्च तक अपलोड और स्वीकृत भी करानी होगी। शासन ने यह स्पष्ट कर दिया है कि 31 मार्च से पहले ही ई-ट्रांजेक्शन की जांच कर ई-बिलों का भुगतान होना चाहिए। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि बजट राशि समय पर आहरण नहीं होने या निर्देशों का पालन नहीं करने के कारण लैप्स हुई तो संबंधित अधिकारी उत्तरदायी होंगे।

# चीफ पोस्टमास्टर जनरल, उत्तराखण्ड अमिताभ खर्कवाल ने की राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट

न्यूज वायरस नेटवर्क

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से शुक्रवार को राजभवन में चीफ पोस्टमास्टर जनरल, उत्तराखण्ड अमिताभ खर्कवाल ने शिष्टाचार मुलाकात की। उन्होंने राज्यपाल को डाक विभाग के विभिन्न क्रिया-कलापों और गतिविधियों की जानकारी दी। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखंड में कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद भी डाक विभाग द्वारा अपनी सराहनीय सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में पोस्टल सुविधाओं के साथ-साथ डाक बचत सेवाओं, बैंकिंग और डाक बीमा सेवाओं को पहुंचाया जा रहा है जो प्रशंसनीय है। राज्यपाल ने कहा कि विभाग को समय के साथ अपने क्रिया-कलापों में आधुनिक तकनीक का ज्यादा से ज्यादा अपनाये जाने की जरूरत है जिससे सेवाएं लोगों तक शीघ्र पहुंच सकें। उन्होंने कहा कि डाक विभाग के सहयोग से दूरस्थ गावों में लोगों को आसानी से कई सुविधाएं उपलब्ध हो रही है।



# सिडकुल में उद्योग न लगाने वालों की लीज होगी निरस्तः भट्ट

न्यूज वायरस नेटवर्क

हल्द्वानी। केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्यमंत्री अजय भट्ट ने शुक्रवार को भीमताल सिडकुल में कुमाऊं ग्लेशियर एक्वा संस्थान का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि इस प्लांट से लोगों को प्राकृतिक स्रोत का पानी उपलब्ध होगा। साथ ही स्थानीय युवाओं के लिए ऐसे उद्योग स्थापित होने से रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। केंद्रीय राज्यमंत्री भट्ट ने कहा कि जिन लोगों ने सिडकुल में लीज पर जमीन लेकर उद्योग स्थापित नहीं किए हैं उनकी लीज निरस्त की जाएगी। साथ ही उद्योग के लिए अन्य लोगों को जमीन उपलब्ध कराई जाएगी। गैस सिलेंडर के दामों में हो रहे इजाफे के मामले में कहा कि जितना मूल्य बढ़ाया जाता है उसी अनुपात में सब्सिडी भी लोगों के खातों में डाली जाती है। उन्होंने तकनीकी दिक्कतों से पानी के बढ़े हुए बिलों को कम कराए जाने या माफ कराने का आश्वासन दिया। साथ ही धनराशि मंजूर होने के बाद भी सिडकुल की रोड न बनाने पर लोनिवि के अधिकारियों को जल्द काम शुरू कराने के निर्देश दिए। यहां भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, धन सिंह राणा, मनोज भट्ट, नितिन राणा, विनीत जोशी, आशु पाठक, भास्कर भगवाल, कमला आर्य, शिवांशु जोशी, पारस चंद्रा, दिनेश सांगुड़ी, कमला मेहरा, शरद पांडे, सुनीता पांडे, पुष्कर मेहरा, शंकर कोरंगा, राकेश नैनवाल आदि रहे।

# कूड़ा उठाने के लिए निगम खरीदेगा आधुनिक मशीन

हल्द्वानी। स्वच्छता सर्वेक्षण में अपनी स्थिति सुधारने के लिए नगर निगम ने तैयारी शुरू कर दी है। शहर से कूड़ा उठाने के लिए 45 लाख रुपये खर्च कर आधुनिक मशीन खरीदी जाएगी। इसके लिए टेंडर जारी कर दिया गया है। हल्द्वानी-काठगोदाम नगर निगम की ओर से प्रतिदिन शहर में सफाई अभियान चलाया जा रहा है। वहीं ट्रंचिंग ग्राउंड में कूड़ा निस्तारण के लिए लिगेसी प्लांट लगाया गया है। शहर की सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए नगर निगम आधुनिक मशीन खरीदेगा। यह मशीन जेसीबी की तरह होगी जो प्लाट में पड़ा कूड़ा खुद ही उठा लेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### 1500 स्कूलों के सात लाख छात्र नशे के खिलाफ उतरे

देहरादून। मानव अधिकार संरक्षण एवं भ्रष्टाचार निवारण समिति रिस्पना पुल स्थित एक होटल में प्रेस वार्ता का आयोजन किया। इसमें संस्था द्वारा विगत 15 सालों से नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को लेकर जानकारी दी गई। प्रेस वार्ता में समिति अध्यक्ष ललित मोहन जोशी ने बताया कि युवा संवाद कार्यक्रम में पिछले 15 सालों नशा उन्मूलन का प्रयास किया जा रहा है। हल्द्वानी से इस अभियान की शुरुआत हुई थी, तब से अब तक लाखों युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक किया जा चुका है। अभियान जारी रहेगा। अब तक युवा संवाद के जरिए सजग इंडिया माध्यम से राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका, युवाओं की दशा और दिशा, आतंक का हथियार नशा विषय पर 15 सौ से अधिक स्कूलों में 7 लाख छात्र छात्राओं को युवा संवाद कार्यक्रम से जोड़ा जा चुका है।

### दून अस्पताल से कर्मचारियों को निकालने का नोटिस, आक्रोश, आंदोलन की तैयारी

देहरादून। दून अस्पताल में कोरोनाकाल में रखे गए कर्मचारियों को 15 मार्च के बाद सेवा समाप्ति का नोटिस जारी कर दिया है। कर्मचारियों ने उनके समायोजन एवं विस्तार की मांग उठाई है। इस संबंध में स्टेट फ्रंटलाइन हेल्थकेयर वर्कर यूनियन के बैनर तले कर्मचारियों ने आंदोलन के लिए बिगुल बजा दिया है। शुक्रवार को वह एमएस डा. युसुफ रिजवी से मिले, ज्ञापन देकर कहा कि उनकी नौकरी बहाल नहीं हुई तो आंदोलन होगा। अध्यक्ष संजय कोरंगा ने कहा कि प्राचार्य, सचिव एवं मंत्री से भी मुलाकात की जाएगी। अस्पतालों में कर्मचारियों की कमी बनी है, ऐसे में उन्हें निकालने से मरीजों को दिक्कत हो जाएगी। उनकी रोजी रोटी पर भी संकट खड़ा हो जाएगा। बता दें कि करीब 300 से ज्यादा कर्मचारियों को एक एजेंसी के माध्यम से बहाल किया गया, कुछ कर्मचारियों को पदों के सापेक्ष रखा गया था। पदों के सापेक्ष रखे गए कर्मचारियों की नौकरी बची रहेगी। वहीं नर्सिंग स्टाफ की डिमांड भेजी है, उनकी नौकरी भी जाने की कम संभावना है। उधर, प्राचार्य डा. आशुतोष सयाना का कहना है कि कर्मचारियों की सेवा 15 मार्च तक बहाल की गई थी। शासन को पत्र भेजकर मार्गदर्शन मांगा गया है।

### माता मंदिर रोड पर चलाया सफाई अभियान

देहरादून। नगर निगम की ओर से शुक्रवार को माता मंदिर रोड पर सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान मेयर सुनील उनियाल गामा की अगुवाई में नगर निगम के कर्मचारियों, क्षेत्र के लोगों ने सार्वजनिक जगहों की सफाई की। साथ ही लोगों से सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने में सहयोग करने की अपील की। इस दौरान स्थानीय पार्षद अनूप नौडियाल, आनंद रावत, शिशुपाल रावत, अंबिका कोठियाल, अंबिका प्रसाद गैरोला, संजीव उपाध्याय, तनुज उनियाल आदि मौजूद रहे।

### ओआरओपी विसंगतियों को दूर करने सहित 7सूत्रीय मांगों को लेकर गरजे पूर्व सैनिक

हल्द्वानी। वन रैंक वन पेंशन टू की विसंगतियों को दूर करने सहित सात सूत्रीय मांगों को लेकर पूर्व सैनिकों ने शुक्रवार को बुद्ध पार्क में जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने रैली निकालकर सरकार पर अनदेखी का आरोप लगाते हुए सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा। शुक्रवार को नैनीताल और ऊधमसिंह नगर जिले के सैकड़ों पूर्व सैनिक नैनीताल रोड स्थित बुद्ध पार्क में एकत्र हुए। उनका कहना था कि वन रैंक वन पेंशन टू में कई विसंगतियां हैं। जिन्हें दूर नहीं किया जा रहा है। इसके अलावा एमएसपी अलाउंस में सभी रैंक के सम्मान की मांग लंबित है। उन्होंने युद्ध के शहीदों और घायलों को वन रैंक वन पेंशन टू में जेसीओ और ओआर में आ रही असमानता को सही करने, मेडिकल कैटेगरी अलाउंस देने, प्रीमेच्योर पूर्व सैनिकों को भी पेंशन वृद्धि का लाभ दिए जाने की मांग उठाई। इस दौरान वक्ताओं ने सरकार की कार्य प्रणाली पर सवाल उठाया और पूर्व सैनिकों के अधिकारों के हनन का आरोप लगाया। उनका कहना था कि समस्याओं को लेकर उनकी ओर से कई ज्ञापन भेजे गए हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होना सैनिकों का अपमान है। इस दौरान पूर्व सैनिक की 12 मार्च को दिल्ली में होने वाली रैली में भाग लेने का आह्वान किया गया।

ये रहे मौजूद : धरना प्रदर्शन में लेफ्टिनेंट (सेनि.) मान सिंह चौहान, लेफ्टिनेंट (सेनि.) जेसी जोशी, हवलदार (सेनि.) होशियार सिंह, कैप्टन (सेनि.) केएस कार्की, सूबेदार मेजर (सेनि.) चंचल सिंह शाही, कैप्टन (सेनि.) सुरेश भट्ट, सूबेदार (सेनि.) गणेश सिंह, सूबेदार (सेनि.) राजेंद्र सिंह मेहरा, सूबेदार (सेनि.) बंशीधर पांडेय, चंद्रवीर सिंह बसेड़ा, सूबेदार मेजर (सेनि.) खड़क सिंह कार्की, सूबेदार (सेनि.) आनंद सिंह भाकुनी सहित कई पूर्व सैनिक मौजूद थे।

### महिला दिवस पर पुलिस कर्मियों का जांचा स्वास्थ्य

हल्द्वानी। महिला दिवस पर कोतवाली में चिकित्सा शिविर लगाया गया। शुक्रवार को बहुउद्देशीय भवन में आयोजित शिविर में महिला पुलिसकर्मियों और जवानों की पत्नियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। साथ ही उन्हें बीमारियों से बचाव के लिए सुझाव भी दिए गए। उपवा (उत्तराखंड पुलिस वाइफ्ज वेलफेयर एसोसिएशन) प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अलकनंदा अशोक और जिलाध्यक्ष हेमा बिष्ट के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ नोडल अधिकारी और सीओ विभा दीक्षित ने किया। शिविर में मौजूद स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. श्रद्धा सयाना ने महिला कर्मियों और जवानों की पत्नियों के स्वास्थ्य की जांच की। उन्होंने महिलाओं को बेहतर सेहत के लिए टिप्स दिए। इस दौरान महिलाओं की समस्याएं सुनकर समाधान भी बताए गए। इस दौरान छवि अग्रवाल, दीक्षा बिष्ट आदि मौजूद रहीं।

### 12 मार्च को होंगी खेल कूद प्रतियोगिता

हल्द्वानी। सौहार्द जन सेवा समिति, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह के तहत खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन करेगी। समिति के पदाधिकारियों ने प्रेसवार्ता कर बताया कि सभी प्रतियोगिताएं कमलुवागांजा के निजी बारात घर में आयोजित की जाएगी। 12 मार्च को होने वाले कार्यक्रम में छह टीमें भाग लेंगी। हर टीम में दस खिलाड़ी मौजूद रहेंगे। प्रेसवार्ता में संस्था अध्यक्ष विद्या महतोलिया, नीरजा बोरा, पीसी पंत, डॉ. गीता मिश्रा, शशि जोशी, ईश्वर भट्ट, सुरेंद्र मेहता, मोहन चंद्र जोशी मौजूद रहे।

### बगैर देरी हो समस्याओं का समाधानः कैड़ा

हल्द्वानी। विधायक राम सिंह कैड़ा ने शुक्रवार को ओखलकांडा ब्लॉक के तल्ला झड़गांव, मल्ला झड़गांव, गलनी, खनस्यू आदि ग्राम सभाओं का दौरा किया। ग्रामीणों ने उन्हें बिजली कटौती, पानी समस्या और सड़कों की समस्याएं बताईं। विधायक कैड़ा ने मौके से ही अधिकारियों को बगैर देरी किए समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए हैं।

# नींद के दुश्मन हैं ये 5 फूड आइटम, इस समय खाने से बचें





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**


11 मार्च : अच्छे स्वास्थ्य के लिए अच्छी नींद होना जरूरी है. लेकिन अच्छी नींद कितने घंटे की हो. इसपर डॉक्टरों का अलग अलग मत है. कुछ डॉक्टरों का कहना है कि रात को 7 से 8 घंटे जरूर सोना चाहिए. वहीं, कुछ डॉक्टर कहते हैं कि 7 से 8 घंटे में एक से दो घंटे ऐसे जरूर होने चाहिए. जहां आप गहरी निद्रा में हो. तब स्लीप साइकल पूरी मानी जाती है. मसलन रात को आप बेड पर सोने के लिए जाते हैं, मगर उससे पहले आप क्या खा, पी रहे हैं. यह बहुत इंपॉर्टेंट है. कुछ खाद्य पदार्थ ऐसे होते हैं, जिन्हें यदि रात को खाकर या पीकर सोते हैं तो वह नींद उड़ाने का काम करते हैं. इन खाद्य पदार्थों के बारे में जानना बेहद जरूरी है.

रात को सोते समय अधिक सूखे मेवे, बींस, ब्रोकली, फूलगोभी खाने से बचना चाहिए. इनसे पेट में ऐंठन हो सकती है. यह पेट में दबाव का कारण बनता है. उच्च फाइबर वाले फल और सब्जियां का सेवन करें. इससे नींद अच्छी आती है. खराब होती लाइफ स्टाइल और बढ़ते तनाव, काम के बोझ में लोगों में शराब का चलन अधिक बढ़ा है. लोग अंधाधुंध शराब पीकर सो जाते हैं. लेकिन एक समय बाद यह लत बन जाती है और बिना शराब नींद नहीं आती है. शराब पीना बंद कर देना चाहिए. रात को अच्छी नींद लेना चाहते हैं तो मसालों का प्रयोग कम करना चाहिए. रात के समय मसाले अधिक खाने से बॉडी का तापमान बढ़ जाता है. इससे पेट खराब होने के साथ नींद भी अच्छी नहीं आती है. टमाटर में ऑक्सालिक एसिड पाया जाता है. रात में टमाटर खाने पर यह एसिड बनाने का काम करता है. इससे खट्टी डकारें आती हैं. एसिडिटी की समस्या बढ़ती है.

रात में टमाटर खाने से बचना चाहिए. आइसक्रीम बॉडी में कोर्टिसोल हार्मोन का लेवल बढ़ाती है. यह हार्मोन बॉडी में उत्तेजना लाता है. इससे नींद नहीं आती है. रात में आइसक्रीम में नहीं खानी चाहिए. इससे नींद की समस्या पैदा हो सकती है. चाय कॉफी में कैफीन पाया जाता है. यह ब्लड प्रेशर को बढ़ाने का काम करते हैं. इसलिए लोग एनर्जेटिक रहते हैं. उन्हें नींद नहीं आती हैं. कैफीन युक्त पदार्थों के सेवन से रात को बचना चाहिए. आजकल की डाइट का पिज्जा भी एक हिस्सा बन गया है. लेकिन इसे रात मं बिल्कुल न खाएं. इसमें बटर और टोमेटो का मिश्रण होता है. दोनों ही नींद में खलल डालने का काम करते हैं. इससे रात में नींद गायब हो जाती है.

# ये 10 स्किल्स सीख लेंगे तो बन जाएंगे लाखों कमाने वाले

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**




11 मार्च : डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर में अब तक लाखों युवा अपना करिअर बना चुके हैं। ये सेक्टर लगातार ग्रो करते हुए 2027 तक 750 मिलियन डॉलर का बन सकता है। अगर आप भी डिजिटल मार्केटिंग क्षेत्र में अपना करिअर बनाने की सोच रहे हैं तो आप भी सफलता ज़्यादा दूर नहीं हैं

इस क्षेत्र में काम करने के लिए जरूरी गूगल एनालिटिक्स, हॉटस्पॉट, इनबाउंड मार्केटिंग, फेसबुक ब्लूप्रिंट जैसे सर्टिफिकेट्स हासिल करने होंगे। हम यहां आपको 10 स्किल्स के बारे में बता रहे हैं जो आपको एक सफल डिजिटल मार्केटर बना सकती हैं। आप इन स्किल्स को हासिल करने के लिए डिजिटल मार्केटिंग कोर्स की मदद भी ले सकते हैं।

- सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (SEO) - किसी भी डिजिटल मार्केटर के लिए यह समझना महत्वपूर्ण है कि सर्च इंजन के लिए वेबसाइटों और सामग्री को कैसे अनुकूलित किया जाए। SEO में कीवर्ड रिसर्च, लिंक बिल्डिंग और ऑन-पेज ऑप्टिमाइजेशन जैसी तकनीकों के माध्यम से वेबसाइट रैंकिंग और दृश्यता में सुधार करना शामिल है।
- सोशल मीडिया मार्केटिंग(SMM) - सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म डिजिटल मार्केटिंग का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। यह समझना कि ब्रांड की उपस्थिति कैसे बनानी है, ग्राहकों के साथ जुड़ना और प्रभावी सोशल मीडिया अभियान कैसे बनाना है, यह आवश्यक है।
- कंटेंट मार्केटिंग(Content Marketing) - कंटेंट मार्केटिंग में परिभाषित दर्शकों को आकर्षित करने और बनाए रखने के लिए मूल्यवान, प्रासंगिक और सुसंगत सामग्री बनाना और वितरित करना शामिल है। इसके लिए लक्षित दर्शकों, सामग्री निर्माण और वितरण की गहरी समझ की आवश्यकता होती है।
- ईमेल मार्केटिंग(Email Marketing) - ईमेल मार्केटिंग सबसे प्रभावी डिजिटल मार्केटिंग चैनलों में से एक है। आकर्षक ईमेल सामग्री, सेगमेंट ऑडियंस और ईमेल अभियान के प्रदर्शन को ट्रैक करने के तरीके को समझना महत्वपूर्ण है।
- पेड एडवरटाइजिंग(Paid Advertising) - पेड एडवरटाइजिंग में गूगल ऐड्स और सोशल मीडिया जैसे प्लेटफॉर्म पर पेड ऐड चलाना शामिल है। प्रभावी विज्ञापन अभियान बनाने, मेट्रिक्स को ट्रैक करने और विज्ञापन खर्च को अनुकूलित करने के तरीके को समझना महत्वपूर्ण है
- ।■ वेब डिजाइन और डेवलपमेंट(Web Design and Development) - बुनियादी वेब डिजाइन सिद्धांतों को समझना और वेबसाइट बनाने का तरीका जानना किसी भी डिजिटल मार्केटर के लिए आवश्यक है। HTML और CSS जैसी वेब डेवलपमेंट लैंग्वेज से परिचित होना भी मददगार है।
- एनालिटिक्स और डेटा विजुअलाइज़ेशन(Analytics and Data Visualization) - डेटा डिजिटल मार्केटिंग का एक महत्वपूर्ण घटक है। डेटा का विश्लेषण और व्याख्या करना, वेबसाइट और अभियान प्रदर्शन को ट्रैक करना और आकर्षक डेटा विजुअलाइज़ेशन बनाना महत्वपूर्ण है।




- परियोजना प्रबंधन(Project Management) - डिजिटल मार्केटिंग अभियानों में सामग्री निर्माण से लेकर अभियान प्रबंधन तक कई गतिशील भाग शामिल हो सकते हैं। परियोजनाओं को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने, संगठित रहने और कार्यों को प्राथमिकता देने में सक्षम होना आवश्यक है।
- ग्राफिक डिजाइन(Graphic Design) - विजुअल कंटेंट डिजिटल मार्केटिंग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। Adobe Photoshop और Illustrator जैसे ग्राफिक डिज़ाइन टूल से परिचित होना सम्मोहक दृश्य बनाने में सहायक है।
- कॉपी राइटिंग(Copywriting) - सभी डिजिटल मार्केटिंग चैनलों के लिए आकर्षक, प्रेरक और प्रभावी प्रतिलिपि बनाना महत्वपूर्ण है। कॉपी राइटिंग सिद्धांतों की एक ठोस समझ, जैसे हेडलाइन्स, कॉल-टू-एक्शन और स्टोरीटेलिंग, आवश्यक है।

**एडवांस्ड डिजिटल मार्केटिंग कोर्स में ये है खास**

**सफलता के साथ बनाएं अपना करिअर**

देश की जानी - मानी एडटेक कंपनी सफलता ने युवाओं की मदद के लिए कई प्रोफेशनल और स्किल ओरिएंटेड शॉर्ट और लॉन्ग टर्म कोर्स की शुरुआत की है जहां से आप घर बैठे खुद को एक किसी फील्ड का प्रोफेशनल बना सकते हैं। यहां डिजिटल मार्केटिंग के अलावा भी कई कोर्स मौजूद हैं। इतना ही नहीं सरकारी नौकरी का सपना देख रहे युवाओं के लिए भी सफलता पर लगभग सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोर्सेज हैं। यहां से पढ़कर सैकड़ों युवाओं ने सरकारी और प्राइवेट सेक्टर में शानदार नौकरियां हासिल की हैं तो फिर देर किस बात की आज ही सफलता से जुड़ें और अपना शानदार करिअर बनाएं। आप अपने फोन में safalta app डाउनलोड करके भी इन कोर्सेज से जुड़ सकते हैं।

# ये तरीक़े अपनाते ही मूड बन जाएगा आपका



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

11 मार्च : क्रोध और तनाव किसी भी व्यक्ति के जीवन के लिए नुकसानदायक है। अक्सर ऐसा होता है कि आपका छोटी छोटी बातों का मूड खराब हो जाता है। आपका इस तरह का व्यवहार आसपास के माहौल को भी प्रभावित करता है। परिवार, पार्टनर और दोस्तों से आप दूर होने लगते हैं। मूड खराब होने के कई लक्षण भी आप महसूस करते हैं। जैसे हो सकता है कि आपका किसी काम में मन न लगें। घर या दफ्तर में भी मन न लगे। ऐसी स्थिति में आप लोग अकेले रहना पसंद करते हैं। किसी से न तो बात करना चाहते हैं और न ही वक्त बिताना चाहते हैं। कई बार तो अकेले में आपका बेवजह रोने का मन भी करता है।


कुछ लोग आत्महत्या के बारे में सोचने लगते हैं। चिंता की बात यह है कि इस लक्षणों के देखने के बाद भी लोग समझ नहीं पाते कि आखिर उनके साथ समस्या क्या है। दरअसल, ये सारे लक्षण अवसाद के हैं। तनाव या अवसाद की स्थिति में दिमाग काम करना बंद कर देता है। जो आपके जीवन के लिए नुकसानदायक बन जाता है। आइए जानते हैं कि अगर आप भी इन लक्षणों को महसूस कर रहे हैं तो किन उपायों के जरिए इससे राहत पा सकते हैं।


**मूड ठीक करने के तरीके**

सबसे पहले तो अपना मूड ठीक करने की कोशिश करें। इसके लिए ऐसा खानपान अपनी डाइट में शामिल करें तो सेहत और मन दोनों के लिए लाभकारी हो। सैल्मन, अखरोट आदि का सेवन अधिक करें। इसके अलावा आप सूखे मेवे, मछली और सब्जी आदि का सेवन करें।

केला और मछली को डाइट में शामिल कर सकते हैं। अधिकतर लोग अवसाद की स्थिति में शराब और सिगरेट का सेवन करना शुरू कर देते हैं। लेकिन मादक पदार्थ आपको अवसाद से बाहर नहीं निकालते, बल्कि इस स्थिति की ओर अधिक धकेलते हैं। इसलिए जब मूड खराब हो, तो शराब का सेवन बिल्कुल न करें। इस अवस्था में शराब का गलत असर पड़ सकता है। अपने मूड को ठीक करने के लिए मेडिटेशन करें। योग व ध्यान मन और शरीर दोनों को हल्का करता है। जिन बातों से आपका मूड खराब होता है, उसके दिमाग से निकालने के लिए ध्यान लगाएं। मूड ठीक न होने पर लोग अकेले रहना चाहते हैं। लेकिन आपकी स्थिति अधिक न खराब हो इसलिए दोस्तों या परिवार के साथ हैंगआउट की योजना बना सकते हैं। किसी ट्रिप पर जाएं ताकि जगह बदलने पर मूड भी बदले। अधिक समस्या महसूस होने पर चिकित्सक या मनोरोग विशेषज्ञ से सलाह लें।

# रुड़की : सेल्फी लेते वक्त अचानक नहर में गिरी बीटेक की छात्रा





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उत्तराखंड 11 मार्च : रुड़की में दिल दहला देने वाला हादसा की खबर सामने आई है । यहां पर एक 19 वर्ष की छात्रा सेल्फी लेने के दौरान सीधे गंग नहर में जा गिरी और कुछ ही मिनटों में छात्रा गंग नहर में ओझल हो गई। बता दें कि वह अपनी बहन के साथ में पार्क में घूमने आई हुई थी और उसकी बहन के शोर मचाने पर आसपास के मौजूद लोग दौड़ते हुए मौके पर पहुंचे मगर छात्रा का अब तक कोई भी पता नहीं लग पाया है। जल पुलिस के गोताखोर भी मौके पर पहुंचे और उन्हें तत्काल रेस्क्यू अभियान शुरू किया मगर छात्रा का पता नहीं चल सका। मिली जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र के इमली खेड़ा गांव की निवासी पुनीजा सैनी कलियर के एक निजी इंजीनियरिंग कॉलेज में बीटेक की छात्रा थी और वह गुरुवार को अपनी बहन निकिता के साथ में सोलानी पार्क के पास बने पुल पर आई थी और यहां पर वह गंग नहर के ऊपर बने सीमेंट के पिलर पर खड़ी होकर सेल्फी लेने लगी।

अचानक ही उसका संतुलन बिगड़ गया और वह गंग नहर में गिर गई बहन को गंग नहर में गिरता देख निकिता ने शोर मचाना शुरू कर दिया निकिता के शोर मचाने पर कुछ युवक वहां पर पहुंचे और छात्रों को बचाने के लिए उन्होंने गंग नहर में छलांग लगा दी। इस बीच पुलिस भी मौके पर पहुंची मगर तब तक छात्रा गंग नहर में डूब चुकी थी काफी तलाश के बाद भी युवती का सुराग नहीं मिल पाया है। जांच अभी भी जारी है।

# विकासनगर में कारोबार करने से पहले व्यापार मंडल को देनी होगी आवश्यक जानकारी

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

विकासनगर। विकासनगर मुख्य बाजार में बाहर से आने वाले व्यापारियों को अब व्यापार करना मुश्किल होगा। उद्योग व्यापार मंडल ने बाहर से आने वाले व्यापारियों के लिए कड़े नियम तय किए गए हैं। इसके साथ ही जो स्थानीय व्यापारी बाहर से आने वाले व्यापारियों को अपनी दुकान किराये पर देगा उसे भी व्यापार मंडल के पास आवश्यक दस्तावेज जमा कराने होंगे। व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय गुप्ता और महामंत्री भारत कालरा ने व्यापारियों को बताया कि बाहर से आने वाले जो भी व्यापारी विकासनगर में ठेली, फड़ या नियमित दुकान किराये पर चला रहे हैं उनके लिए एक अभियान शुरू किया गया है। अभियान के तहत बाहर से आने वाले प्रत्येक व्यापारी को निवास स्थान सहित अपनी पूरी जानकारी, आधार कार्ड, पैन कार्ड, व्यापारी के साथ रहने वाले अन्य लोगों की जानकारी, दुकान का रेंट एग्रीमेंट, जीएसटी नंबर समेत अन्य सभी जानकारी देनी होगी। संदेह होने पर व्यापारी को विकासनगर बाजार में व्यापार की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके साथ ही जो व्यापारी दुकान किराये पर देगा, उसे भी संपूर्ण जानकारी देनी होगी। कहा कि बाजार में व्यापारियों की आड़ में असामाजिक तत्वों की घुसपैठ पर रोक लगाने के साथ ही नशे के कारोबार पर लगाम लगाने के लिए पूरी कवायद की जा रही है।

# बूथों को मजबूत कर ही शक्ति केंद्रों को मजबूत किया जा सकता है: महेंद्र भट्ट

नई टिहरी। बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत भाजपा की टिहरी विधानसभा बूथ सशक्तिकरण कार्यशाला एक निजी होटल में आयोजित की गई। बूथ सशक्तिकरण कार्यशाला की शुरूआत भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने टिहरी विधानसभा से की। प्रदेश की सभी 70 विधानसभाओं में यह कार्यशाला आयोजित की जानी है। टिहरी पहुंचने पर प्रदेश अध्यक्ष का भव्य स्वागत भी भाजपाइयों ने किया गया। टिहरी विधानसभा की बूथ सशक्तिकरण कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि बूथ स्तर पर भाजपा के कार्यक्रमों को प्रमुखता से लागू किया जाय। भाजपा का कार्य बूथ स्तर पर मजबूती अभियान चलाना एक अहम कदम है। बूथों को मजबूत कर ही शक्ति केंद्रों को मजबूत किया जा सकता है। पन्ना प्रमुखों व टोली प्रमुखों की इसमें अहम भूमिका है।

## संक्षिप्त खबरें

### दुकान से उड़ाया मोबाइल फोन, सीसीटीवी में हुआ कैद

हल्द्वानी। पटेल चौक स्थित एक दुकान से अज्ञात चोर मोबाइल फोन ले उड़ा। चोरी की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। जानकारी के मुताबिक सात मार्च को जगदीश लाल सेठी की दुकान में एक व्यक्ति घुस गया। आरोपी दुकान से फोन लेकर फरार हो गया। चोरी की पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। दुकान स्वामी की शिकायत पर पुलिस ने चोर की तलाश शुरू कर दी है।

### ब्लैकमेलिंग से तंग आकर युवती ने जान दी

हल्द्वानी। ब्लैकमेलिंग से तंग आकर एक युवती ने फांसी लगाकर जान दे दी। आरोप है कि युवक ने अश्लील वीडियो से युवती का उत्पीडऩ किया। मृतका की मां की तहरीर पर पुलिस ने रामपुर निवासी अमर सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। दमुवाढूंगा निवासी एक महिला ने पुलिस को तहरीर सौंपी है। कहा है कि छह मार्च को उनकी बेटी ने पंखे से लटक कर जान दे दी। आरोप लगाया कि मृतका और आरोपी एक दूसरे को जानते थे। जान पहचान के बीच आरोपी ने युवती के कुछ फोटो और वीडियो बना लिए। कुछ समय बाद आरोपी युवती को ब्लैकमेल करने लगा। आरोपी बार-बार फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहा था। आरोपी ने ब्लैकमेल कर युवती से एक बाइक फाइनेंस करवा ली, जिसकी किस्त युवती ही भर रही थी। इस बीच आरोपी को काफी समझाने का प्रयास किया गया, लेकिन वह नहीं माना। आरोपी की धमकियों से तंग आकर युवती ने छह मार्च को घर में ही पंखे से लटक कर जान दे दी। पीड़िता की मां ने आरोपी पर बेटी को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। एसओ प्रमोद पाठक ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है। जल्द आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### संविदा कर्मी की मौत पर मुकदमा दर्ज

हल्द्वानी। वन विभाग के संविदा कर्मचारी की मौत मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक मृतक शुभम आर्या के पिता मनोज राम निवासी बिंदुखत्ता की ओर से तहरीर मिली है। उनका कहना है कि छह मार्च को उनका बेटा अपने दोस्त के साथ पैदल जा रहा था। रामपुर रोड के पास एक तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी। दुर्घटना में शुभम गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि दोस्त मुकेश चोटिल हो गया। शुभम को अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### चरस, इंजेक्शन व शराब के साथ तीन युवक दबोचे

हल्द्वानी। वनभूलपुरा पुलिस ने चरस, नशे के इंजेक्शन और शराब के तीन अलग-अलग मामलों में आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा गया है। पुलिस के मुताबिक गुरुवार को एसआई मनोज यादव बिलाली मस्जिद के पास गश्त पर थे। इस दौरान एक युवक संदिग्ध अवस्था में मिला। पूछताछ की तो उसने अपना नाम राहुल वाल्मीकी निवासी गांधीनगर बताया। तलाशी लेने पर आरोपी के पास 115 ग्राम चरस बरामद हुई। दूसरे मामले में एसआई शंकर नयाल की टीम ने एक व्यक्ति से नशे के इंजेक्शन बरामद किए। उन्होंने बताया कि मुखबिर की सूचना पर इंदिरानगर फाटक के पास वसीम अहमद निवासी उत्तर उजाला रोड की तलाशी ली गई। इस दौरान आरोपी के पास से 38 नशे के इंजेक्शन मिले। तीसरे मामले में मुक्तिधाम के पास से विक्की मालवीय निवासी शिव मंदिर राजपुरा को 58 पव्वे देशी शराब के साथ पकड़ा गया। एसओ नीरज भाकुनी ने बताया कि तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमे दर्ज किए हैं।

### धारचूला में दिव्यांगों को बांटे कृत्रिम अंग

हल्द्वानी। जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र, बेस अस्पताल और समाज कल्याण विभाग की ओर से पिथौरागढ़ के धारचूला में दिव्यांगों को कृत्रिम अंग बांटे गए। दिव्यांगों ने विभागों का आभार जताया। कविता भट्ट और राजेश ने बताया कि संस्था और समाज कल्याण के सहयोग से दिव्यांग रमेश सिंह और मोहन सिंह को कृत्रिम पैर दिए गए। उन्होंने बताया कि संस्था की ओर से दिव्यांगों को सहायता उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# तुषार गुप्ता का योगी अंदाज़, गोवा हवाई अड्डे वालों की ले ली क्लास

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

गोवा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा सलाहकार समिति के सदस्य तुषार गुप्ता ने देर रात गोवा हवाई अड्डे डब्लिम का निरीक्षण किया साथ ही एयरपोर्ट के अधिकारियों को पैसेंजर्स के लिये अच्छी से अच्छी सुविधा देने हेतु निर्देशित किया। साफ़ सफ़ाई का भी विशेष ध्यान रखने को बोला एयरपोर्ट पार तैनात सुरक्षाकर्मियों से भी उनके सुझाव लिए और बेहतर सुविधा के लिए ॥यात्रियों से भी सुविधा हेतु उनके सुझाव लिए ॥








## डीएम सोनिका की अध्यक्षता में मानसून की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून। जिलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में मानसून की तैयारियों को लेकर ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को निर्देशित किया कि विभागों से आपदा प्रबंधन के दृष्टिगत बनाई गई उनके विभाग की कार्ययोजना निर्धारित प्रारूप पर प्राप्त की जाए, जिस पर कार्य प्रारंभ होने के साथ ही कार्य पूर्ण होने की तिथि का उल्लेख किया गया हो। जिला अधिकारी ने लोक निर्माण विभाग, पेयजल निगम, अधिशासी अधिकारी नगर पालिक परिषद मसूरी के स्वयं बैठक में प्रतिभाग न करने ना ही लिंक अधिकारी को भेजे जाने पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को संबंधित विभागों के अधिकारियों का स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए। तथा जिन विभागों द्वारा अभी तक मानसून की तैयारियों की कार्य योजना प्रस्तुत नहीं की गई है, उनको आपदा एक्ट लगाते हुए पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने नगर निगम एवं नगरपालिका परिषदों को अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत जलभराव वाले स्थान चिन्हित करते हुए जल निकासी की व्यवस्था करने के साथ ही नालियों की सफाई करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने जल संस्थान को पेयजल की लीकेज ठीक करने तथा आपदा परिचालन केंद्र की ओर से पार्षदों एवं वार्ड सदस्यों को पत्र प्रेषित करने के भी निर्देश दिए यदि उनके क्षेत्र में कहीं पानी की लीकेज है आपदा कंट्रोल रूम को सूचित करें ताकि मानसून से पूर्व ही लिकेज पेयजल लाईन ठीक कर ली जाए। उन्होंने विद्युत विभाग को जर्जर विद्युत पोल बदलने तथा झूलती विद्युत लाईन ठीक करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को संभावित आपदा प्रभावित क्षेत्रों में उपकरण, स्टोरेज, मानव संसाधन आदि की सूचना आपदा परिचालन केंद्र को प्रेषित करने के निर्देश दिए। उन्होने पीएमजीएसवाई के अधिकारियों को निर्देश दिए डंपिंग जोन के मलबे को दिखवा लें ताकि संभावित आपदा की स्थिति ना बने।

बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामजीशरण शर्मा, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद डोईवाला, विकासनगर बी.पी भट्ट, हरबर्टपुर भगवन्त सिंह, अधि० अभि० आर.डब्लू.डी अनिल कुमार, अधि० अभि० पीएमजीएसवाई कालसी सुनिल कुमार, अधि० अभि० विद्युत राकेश कुमार, जिला आपदा प्रबन्धन अधिकारी दीपशिखा रावत सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



## टूटी सड़कें और लीकेज की समस्या को जल्द करें दूर : अग्रवाल

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ऋषिकेश। कबीना मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने जल संस्थान के अधिकारियों से विश्व बैंक पोषित पैरी अर्बन अद्र्धनगरीय योजना के अंतर्गत हो रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को पेयजल के कारण टूटी सड़कों का निर्माण न किये जाने पर फटकार भी लगाई। साथ ही लीकेज की समस्या के जल्द निस्तारण के निर्देश दिए। शुक्रवार को जल संस्थान कार्यालय में कबीना मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने जल संस्थान के अधिकारियों संग बैठक की। बैठक में मंत्री ने अधिकारियों से विश्व बैंक पोषित पैरी अर्बन अद्र्धनगरीय योजना के तहत गुमानीवाला, ऋषिकेश देहात और प्रतीतनगर रायवाला, खडग़माफ में किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली। जिस पर अधिकारियों ने अवगत कराया कि प्रतीतनगर रायवाला और खडग़माफ में पेयजल लाइन बिछाने का कार्य पूर्ण हो चुका है। गुमानीवाला और ऋषिकेश देहात में पेयजल लाइन बिछायी जा रही है। मंत्री अग्रवाल ने निर्माण कार्य की धीमी गति पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने फटकार लगाते हुए कहा कि प्रतीतनगर रायवाला और खडग़माफ में लीकेज की समस्या आ रही है, इससे आमजन को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने यहां टूटी सडक़ों को भी दुरस्त करने के निर्देश दिए। कहा कि गुमानीवाला और ऋषिकेश देहात में जल्द पेयजल लाइन बिछाई जाये। साथ ही जिन जगहों पर पेयजल लाइन बिछाई जा चुकी है, वहां वाटर हाइड्रो टेस्टिंग का कार्य अतिशीघ्र किया जाए। मौके पर जल संस्थान के महाप्रबंधक राजेंद्र कुमार रोहिला, अधिशासी अभियंता राजेंद्र पाल, सहायक अभियंता अरुण रावत, कमलेश पंत मौजूद रहे।

## शीशमबाड़ा प्लांट के सम्बन्ध में डीएम सोनिका ने की बैठक

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून। जिलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में शीशमबाड़ा प्लांट के सम्बन्ध में माननीय विधायक सहसपुर सहदेव सिंह पुण्डीर की उपस्थिति में स्थानीय लोगों एवं सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने वैस्ट मेनेजमेन्ट प्लान्ट हेतु चिन्हित की गई भूमि के संबंध में जानकारी प्राप्त करने पर मुख्य नगर आयुक्त नगर निगम देहरादून मनुज गोयल ने अवगत कराया है कि तीन स्थानों पर भूमि चयन की गई है जिनमें दो स्थानों पर शीघ्र ही प्लान्ट कार्य प्रारंभ हो जाएंगे। जिस पर जिलाधिकारी ने कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने मुख्य नगर आयुक्त नगर निगम देहरादून एवं प्रभागीय वनाधिकारी देहरादून व मसूरी को वैस्ट मेनेजमेन्ट प्लान्ट हेतु भूमि चयन के साथ ही वन विभाग संबंधी प्रक्रिया जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए।

मा० विधायक सहसपुर सहदेव सिंह पुण्डीर ने शीशमबाड़ा क्षेत्र में क्षेत्रवासियों को प्लान्ट से हो रही समस्या के बारे में बताते हुए यथाशीघ्र इसके निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने भूमि चयन एवं निर्माण कार्यों टाईम बॉन्ड आधारित पूर्ण करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर मुख्य नगर आयुक्त नगर निगम देहरादून मनुज गोयल, प्रभागीय वनाधिकारी देहरादून नितीशमणी त्रिपाठी, प्रभागीय वनाधिकारी मसूरी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामजीशरण शर्मा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी कार्मिक एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।



## इसी माह पूरा किया जाएगा सड़कों का पैच वर्क : अनिता

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ऋषिकेश। मेयर अनिता ममगाईं ने मेन बाजार और मालवीय नगर में स्थलीय निरीक्षण कर जर्जर सड़कों के जल्द निर्माण की बात कही। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रवासियों की समस्याएं जानी और उसके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। शुक्रवार को मेयर अनिता ममगाईं ने ऋषिकेश बाजार में भ्रमण किया। व्यापारियों ने मेयर के समक्ष शौचालय की मांग रखी। मेयर ने व्यापारियों को आश्वासन दिया कि निर्विवाद वाली जगह मिलते ही ये मांग पूर्ण कर दी जायेगी। उन्होंने वार्ड नंबर नौ के अंतर्गत बाजार क्षेत्र की सडक़ों की स्थिति देख जल्द निर्माण करने की घोषणा की। उसके बाद मेयर मालवीय नगर पहुंची और लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने राशन कार्ड, पेंशन, आधार कार्ड की समस्याओं को लेकर अधिकारियों को फोन किया और समस्याओं का निराकरण करने को कहा। मेयर ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत सभी वार्डों में निगम द्वारा चरणबद्ध श्रंखला में सडक़ों एवं नालियों का निर्माण कराया जा रहा है। बाजारों की कुछ सडक़ों पर पैचवर्क के निर्देश दिए गये हैं। अधिकांश निर्माण कार्यों को इस माह के अंत तक पूरा करा लिया जाएगा। सभी कार्यों की रूपरेखा तैयार हो गई है। प्रस्ताव भी पास हो गए हैं। इस मौके पर पार्षद रीना शर्मा, गौरव कौशिक, बृजेश चंद शर्मा, राजेश कोठियाल, अभिषेक शर्मा, दीपक डंग, दीपक अग्रवाल, आशु अरोड़ा, अजय कालरा, सुधीर गुप्ता, चुन्नु कालरा, संजय व्यास, राजपाल ठाकुर, पंकज शर्मा, पवन शर्मा, मदन कोठारी, मोतीराम टुटेजा, हरि शंकर मदान, पंकज गुप्ता, अमित गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, राहुल पाल, नवीन शर्मा, राधा बल्लभ, सुनील कुठेलिया, पूजा पोखरियाल, रामेश्वरी कंडवाल, कालिका कंडवाल, मनमोहन सेमवाल, सुलतान सिंह, अनुराधा शर्मा, प्रीति जोशी, विमला पोखरियाल, भगवती, दीपू, कमला बडोनी आदि उपस्थित रहे।

# कैंट चुनावों के लिए पार्टी कार्यकर्ता एकजुट होकर काम करें : प्रीतम

न्यूज़ वायरस नेटवर्क




विकासनगर। पूर्व नेता प्रतिपक्ष और चकराता के विधायक प्रीतम सिंह ने कार्यकर्ताओं से आगामी निकाय चुनाव में एकजुट होकर चुनावी तैयारियों में जुट जाने का आह्वान किया है। विधायक ने कहा कि कार्यकर्ताओं की एकजुटता से ही चुनावों में जीत हासिल की जा सकती है। चकराता पहुंचे विधायक चकराता प्रीतम सिंह का कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। स्वागत समारोह के बाद आर्य समाज मन्दिर में आयोजित बैठक में पूर्व नेता प्रतिपक्ष और विधायक चकराता प्रीतम सिंह ने कहा कि कैंट का चुनाव चकराता के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। कहा कि छोटा क्षेत्र होने से कई लोगों में मतभेद भी होते हैं। लेकिन इस समय सब कुछ भुलाकर जोरदार तरीके से चुनाव की तैयारी में जुटना होगा। उन्होंने ने कहा कि सभी कार्यकर्ता आपस में सामंजस्य स्थापित कर सभी छह वार्ड के लिए प्रत्याशी तय कर लें। कहा कि कार्यकर्ता इस बात को सुनिश्चित करें कि सभी छह सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशी विजयी हों। कहा कि पिछले दो कार्यकाल में भी बोर्ड में कांग्रेस का उपाध्यक्ष रहा है, लेकिन वह लॉटरी के माध्यम से चुना गया। इस बार बोर्ड में कांग्रेस का उपाध्यक्ष बहुमत से बनना चाहिए। विधायक ने कहा कि चुनाव के दौरान कई लोग मतदाताओं को भ्रमित करने के लिए आएंगे। लेकिन उन्हें यह दिखाना होगा कैंट में आज तक जो भी विकास के कार्य हुए हैं वह कांग्रेस ने ही कराए हैं। चाहे वो विधायक निधि से हुए हैं या बोर्ड के प्रयास से उसमें सबसे ज्यादा योगदान कांग्रेस का ही रहा है। उन्होंने कहा कि पार्टी चुनाव में सभी प्रत्याशियों के सहयोग में खड़ी है। क्षेत्र के कार्यकर्ताओं को जोरदार तरीके से चुनाव लड़ना होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता शहर अध्यक्ष सुनील जैन व संचालन प्रदेश अनुशासन समिति के पूर्व सदस्य राजीव जैन ने किया।

बैठक में शहर अध्यक्ष सुनील जैन, पूर्व उपाध्यक्ष कैंट चंदन रावत, प्रदेश अनुशासन समिति के पूर्व सदस्य राजीव जैन, पूर्व सदस्य कैंट कमल रावत, पूर्व सदस्य दीपक चौहान, विकास अग्रवाल, नवीन जैन, अनुभव अरोड़ा, हरचरण सिंह, सन्नी आनंद, कुंवर सिंह राणा, मनोज चौहान, नरेंद्र चौहान, बीडीसी सदस्य सौरभ राणा, खुशीराम जोशी, आदि दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## देवप्रयाग पहुंची जोशीमठ बचाओ संघर्ष समिति की पदयात्रा

नई टिहरी। जोशीमठ से 1 मार्च को देहरादून के लिए निकली जोशीमठ बचाओ संघर्ष समिति की पदयात्रा देवप्रयाग पहुंची। देर रात नगर पहुंची पदयात्रा को देवप्रयाग तीर्थ पुरोहित समाज ने जोशीमठ को बदरीनाथ धाम जाने का अपना पुराना प्रमुख पड़ाव बताते हुए समिति की मांगों का पूरा समर्थन दिया। श्रीकोट से जोशीमठ बचाओ, सरकार होश में आओ के नारे के साथ जोशीमठ संघर्ष समिति की पदयात्रा गुरुवार देर रात को 39 किमी चलकर देवप्रयाग पहुंची। पदयात्रा की अगुवाई कर रहे सचिन रावत ने कहा की भारत चीन-सीमा पर बसी आदि शंकराचार्य की तपोस्थली जोशीमठ आज अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रही है। भूकंप का हल्का झटका भी इस प्राचीन नगर को जमींदोज कर सकता है। विभिन्न सर्वेक्षण का खुलासा नहीं होने से यहां आशंका व भय का माहौल बना है। कहा कि एनटीपीसी की सुरंग से हो रहे पानी के रिसाव ने यहां संकट और बढ़ाया है। 2010 में बांध कंपनी की ओर से घरों का बीमा करने का लिखित आश्वासन यदि पूरा किया जाता, तो आज जोशीमठ वासी सरकार के भरोसे नहीं रहते। उन्होंने कहा कि संघर्ष समिति विस्थापन व पुनर्वास पर ठोस जमीनी कार्रवाई की मांग सरकार के सामने रखेंगी। पदयात्रा का नंदन टोडरिया, त्रिवेंद्र रावत, अतुल कोटियाल, विनोद टोडरिया, रजनी देवी आदि ने यहां स्वागत किया। जोशीमठ के रवि ग्राम, सुनील, सिंहद्वार, मरोड़ी, मनोहर वार्ड आदि के दस युवा पदयात्रा में शामिल हैं।

## संपादकीय



### व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा के जाल में विपक्ष

राजनीति में एकता मतों और विचारों की तार्किकता से निर्धारित होती है. ऐसी एकजुटता अक्सर इस सूत्र से पैदा होती है कि 'मेरे दुश्मन का दुश्मन मेरा दोस्त है.' लेकिन भारतीय विपक्ष के व्यवहार में यह नहीं होता. विभिन्न क्षेत्रों और विचारों के विपक्षी नेताओं को बीते आठ सालों में केंद्रीय जांच एजेंसियों ने घेरा है और गिरफ्तार किया है, पर उनकी मोर्चाबंदी के कोई संकेत नहीं हैं. कुछ दिन पहले सीबीआइ ने आप के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया को दिल्ली सरकार के आबकारी नीति के घोटाले में कथित रूप से शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया, तो किसी भी बड़ी विपक्षी पार्टी या नेता ने औपचारिक बयान देने से ज्यादा कुछ नहीं किया. कुछ ने तो गिरफ्तारी की प्रशंसा भी की. गैर-भाजपा विपक्ष की ओर से तब भी सामूहिक निंदा की आवाज नहीं उठी, जब भयाक्रांत करने वाली इडी ने तृणमूल कांग्रेस, भारत राष्ट्र समिति, शिव सेना आदि दलों के नेताओं की घेराबंदी की. विडंबना है कि विपक्षी दलों की सरकारें लगभग आधे राज्यों में हैं और उनके दो सौ से अधिक सांसद हैं. विभाजित विपक्ष से उत्साहित होकर एजेंसियों ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है और वे दागी नेताओं के अतीत और वर्तमान को खंगाल रही हैं. इससे वे चुनावी बोझ बन जायेंगे और विपक्ष कमजोर होगा. शायद ही कोई ऐसा दिन होगा, जब एजेंसियां वैसे कॉरपोरेट घरानों और राजनीतिक कार्यकर्ताओं के कार्यालयों पर दस्तक न देती हों, जो दूर-दूर तक ऐसे व्यक्ति से संबंधित हों, जो कहीं भी भाजपा को चुनौती देते हों. मतदाताओं के लिए यह सामान्य मामला ही है. हाल में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के अभिनंदन समारोह में आधा दर्जन दलों के नेता शामिल हुए थे, पर वहां भी सिसोदिया को सहानुभूति नहीं मिली. इससे पहले राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को भी कई बड़े विपक्षी नेताओं ने अनदेखा किया था. एक रिपोर्ट के मुताबिक, बीते नौ साल में गिरफ्तार नेताओं में 95 प्रतिशत से अधिक विपक्ष से हैं. इससे विपक्ष भले चिंतित हो, लेकिन अभी भी उसके नेता अपनी व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं को दरकिनार कर सड़क पर उतरने के लिए तैयार नहीं हैं. वे एक-दूसरे को तबाह करने के लिए विभाजित हैं. इसके उलट, आपातकाल में सभी पार्टियों ने एकजुट होकर ताकतवर प्रधानमंत्री और उनकी पार्टी का सामना किया था. जयप्रकाश नारायण ने उन्हें एकजुट किया था. सीटों के बंटवारे के बाद एक-दूसरे के जानी दुश्मन जनसंघ और सीपीएम ने चुनावी गठबंधन बनाया था. उनके साथ आने से उत्तर भारत में कांग्रेस केवल एक सीट जीत सकी. ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि कांग्रेस-विरोधी ताकतों ने उच्च नैतिकता के साथ लड़ाई लड़ी थी.

दैनिक न्यूज़ वायरस
संपादक : मो.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक : आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मो.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। फ़ोन : 0135-4066790, 2672002 RNI No. : UT-THIN/2012/44094 Cert. Ser. No. : 31406 E-mail : dainiknewsvirus@gmail.com Website : www.newsvirusnetwork.com YouTube : TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## गुडिंडा के सिविल जंगलों में लगी आग

पौड़ी। भले ही अभी गर्मी ने पूरी तरह से दस्तक नहीं दी परंतु विकासखंड बीरोंखाल क्षेत्र अंतर्गत गुडिंडा, रिखाड़ के सिविल जंगलों में दो दिनों से आग धधक रही है। इससे सिविल जंगलों की कई हेक्टेअर भूमि जल कर राख हो गई है। इधर सिविल सोमय स्यूंसी रेंज के अधिकारियों को इसकी जानकारी तक नहीं है। गुडिंडा प्रधान जीतेन्द्र गुसाईं, रिखाड़ प्रधान जसुली देवी ने बताया कि गुडिंडा, रिखाड़ के सिविल जंगलों में दो दिनों से आग धधक रही हैं परंतु सिविल सोयम स्यूंसी रेंज के कर्मचारी आग बुझाने कि हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि ग्रामीणों द्वारा गुरुवार रात दस बजे गुडिंडा, रिखाड़ की ओर बढ़ रही आग पर काबू पा लिया गया लेकिन तेज हवा होने के चलते आग धीरे-धीरे मल्ली रिखाड़, धोबिघाट की ओर बढने लगी हैं। उधर सिविल सोयम स्यूंसी रेंज अधिकारी प्रमेन्द्र रावत ने बताया कि गुडिंडा, रिखाड़ सिविल जंगलों में आग की सूचना नहीं हैं।

## अप्रैल में होगा मेगा इवेंट कोटद्वार एक्स-पो

पौड़ी। जिला प्रशासन की पहल पर आने वाले अप्रैल माह में कोटद्वार में एक मेगा इवेंट आयोजित किए जाने की रणनीति बनाई जा रही है। जिस पर उद्योग विभाग और जिला प्रशासन द्वारा भारी भरकम खर्च किये जाने पर मंथन किया जा रहा है। इस इवेंट को कोटद्वार एक्स-पो नाम दिया गया है। पौड़ी जिले को कोटद्वार क्षेत्र के लिए अप्रैल माह काफी खास होने वाला है। जिला प्रशासन की मानें तो इस मेगा इवेंट में करीब एक से डेढ़ करोड़ रूपये का इनवेस्टमेंट की तैयारी है। इस इवेंट का उद्देश्य क्षेत्र में सूक्ष्म, लघु व मध्यम औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देना है। डीएम डा. आशीष चौहान ने आयोजन को लेकर उद्योग विभाग, सिडकुल और सभी बैंकर्स के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिये हैं। डीएम डा. चौहान ने बताया कि कोटद्वार एक्स-पो आगामी अप्रैल माह में आयोजित किया जाना है।

## संक्षिप्त खबरें

### फलदार पेड़ों को काटने वालों पर कार्रवाई की मांग

चम्पावत। ग्राम पंचायत नायकगोठ के हनुमानगढ़ी मंदिर में ग्रामीणों ने फलदार पेड़ों को काटने वालों पर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने इस संबंध में एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। शुक्रवार को नायकगोठ, हनुमानगढ़ी के कुछ ग्रामीण प्रधानप्रतिनिधि विशाल सिंह के नेतृत्व में तहसील पहुंचे। उन्होंने एसडीएम सुंदर सिंह को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि बुधवार को हनुमानगढ़ी मंदिर में पुजारी व अन्य लोगों ने हरे फलदार पेड़ों को बिना अनुमति के काट दिए थे। जिसका समस्त ग्रामीणों ने विरोध किया था। बताया कि जिसके बाद सूचना मिलने पर वन विभाग और पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर फलदार पेड़ो के कटान पर रोक लगाई थी। ग्रामीणों ने मामले में उचित कार्रवाई की मांग की है। यहां अश्विनी पांडेय, प्रियंका मेहर, नीतू रैंसवाल, लक्ष्मी जोशी, पुष्पा देवी, दीपा शर्मा, मोनिका, सुनीता, विमला, गौरी देवी, सुमित्रा देवी, मुन्नी देवी, संध्या शर्मा आदि रहे।

### नोमैंस लैंड पर नेपाली नागरिकों ने लगाई दुकानें

चम्पावत। भारत-नेपाल सीमा के नोमैंस लैंड पर नेपाली नागरिकों ने 30 अस्थाई दुकानें लगाई हैं। डीएम के आदेश के बाद ये दुकानें लगाई गई हैं। मेला अवधि समाप्त के बाद नोमैंस लैंड से इन दुकानों को हटा दिया जाएगा। शुक्रवार को भारत-नेपाल सीमा पर स्थित नोमैंस लैंड में नेपाली नागरिकों ने मेले के लिए तखत लगाकर अस्थाई दुकानें लगा दी। मां पूर्णागिरि दर्शन के बाद श्रद्धालुओं की भारी भीड़ नेपाल स्थित ब्रह्मदेव सिद्ध बाबा धाम में लगी रहती है। इसी कारण नेपाली नागरिक हर वर्ष मेला अवधि के दौरान नोमैंस लैंड पर तखत लगाकर अस्थाई दुकानें लगा देते हैं। जिन्हें मेला समाप्ति के बाद भी नहीं हटाया जाता। जिस कारण दोनों देशों के बीच पूर्व में कई बाद विवाद उपज चुका है। एसएसबी के डिप्टी कमांडेंट सुरेश कुमार तोमर ने बताया कि चमपावत एडीएम हेमंत कुमार वर्मा ने फोन पर उन्हें डीएम नरेंद्र सिंह भंडारी के आदेश के तहत नेपाली नागरिकों को नोमैंस लैंड की निश्चित सीमा पर अस्थाई दुकानें लगाए जाने की बात कही है। जिन्हें मेला अवधि समाप्त होने के बाद हटा दिया जाएगा।

### 15 प्रतिभाशाली खिलाडियों का हुआ चयन

चम्पावत। युवा कल्याण विभाग की ओर से विकास खंड के प्रतिभाशाली खिलाडियों का प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ हुआ। इस दौरान 15 खिलाडियों का प्रशिक्षण वर्ग में चयन किया गया। शुक्रवार को गोरलचौड़ मैदान में प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ करते हुए क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी हिमांशु कुमार ने बताया कि चयनित युवाओं को 20 दिनों तक होने वाली खेल प्रतियोगिता में विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस दौरान जिला युवा कल्याण अधिकारी बीएस रावत ने प्रतिभाशाली खिलाडियों को खेल के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में खेल प्रशिक्षक सुरेश जोशी प्रशिक्षण देंगे। कार्यक्रम में नवेंद्र बोहरा, सुनील, मुन्ना रहे।

### च्यूरानी के पास अतिक्रमण हटाया

चम्पावत। लोहाघाट-घाट मार्ग में च्यूरानी के पास एनएच किनारे हो रहे अतिक्रमण को प्रशासन और एनएच ने ध्वस्त किया है। प्रशासन का कहना है कि अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। आरजीबीएल के लाइजनिंग मैनेजर गिरीश ढेक ने बताया कि एनएच से सटकर जो भी अतिक्रमण किए गए हैं। इसके लिए प्रशासन और एनएच ने पूर्व में नोटिस दिए थे। बावजूद इसके अतिक्रमण नहीं हटाया गया। जिसके बाद अब प्रशासन की कार्रवाई शुरू हो गई है। ढेक ने बताया कि च्यूरानी में जोत राम के निर्माणाधीन भवन में पूर्व में कोर्ट से भी स्टे लगा था। भवन स्वामी ने जिसका उल्लंघन करते हुए होली की रात लिंटर डाल दिया। जिसे प्रशासननिक कार्रवाई के तहत ध्वस्त कर दिया गया है। अन्य अतिक्रमणकारियों पर भी कार्रवाई की जा रही है। अतिक्रमण ध्वस्त करने के दौरान कानूनगो छत्तर सिंह बोहरा, राजस्व उपनिरीक्षक सुनील माहरा और राजीव माहरा, गोविंद वल्लभ आदि मौजूद रहे।

### तीन दिनी मत्स्य पालन प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ

चम्पावत। एसएसबी पंचम वाहिनी के तत्वाधान में तीन दिवसीय निशुल्क शीत मत्स्य की प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरु हुआ। जिसमें सीमांत के विभिन्न गांवों के 18 लोगों को रोजगार के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। शुक्रवार को एसएसबी के कार्यवाहक कमांडेंट हरीश जोशी के नेतृत्व में वाहिनी के मुख्यालय में प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कमांडेंट जोशी ने बताया कि नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत मत्स्य पालन विभाग एवं एसएसबी वाहिनी की ओर से संयुक्त रुप से तीन दिनी प्रशिक्षण के दौरान सीमांत गांवों के 18 लोगों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण में मछलियों की प्रजातियों और उनके आहारों की जानकारी दी जाएगी। यहां डॉ.किशन कुनाल, हरीश दत्त, विजय दप धपला, उप कमांडेंट हेमंत कुमार, जगत राम, संजीव कुमार नाथ, नरेश कुमार, श्याम दत्त भट्ट, विनोद चंद रहे।

### कांग्रेस नेता की दुकान में चोरों ने की सेंधमारी, घटना सीसीटीवी में कैद

बागेश्वर। बैजनाथ पुलिस क्षेत्र के अंतर्गत टीट बाजार स्थित कांग्रेस नेता की पतंजलि सामग्री की दुकान में गुरुवार की रात एक चोर ने सेंधमारी की। उसने दुकान से 20 हजार की नगदी समेत सामान पार कर लिया। चोरी की पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। दुकान स्वामी की सूचना पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। मालूम हो कि कांग्रेस नेता व बीसूका के पूर्व उपाध्यक्ष भुवन पाठक की टीट बाजार में पतंजलि सामग्री की दुकान है। गुरुवार की शाम दुकान का सेल्समैन देवेंद्र सिंह दुकान बंद कर अपने घर चला गया। शुक्रवार की सुबह जब वह दुकान खोलने पहुंचा तो शटर के ताले टूटे थे। अंदर जाकर देखा तो सामान व गल्ले में रखी 20 हजार की धनराशि भी गायब थी। उसने घटना की जानकारी दुकान स्वामी व पुलिस को दी। द

### छात्राओं ने उत्तर भारत हाइड्रोपावर का भ्रमण किया

बागेश्वर। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय कपकोट की कक्षा नौ की छात्राओं ने उत्तर भारत हाइड्रोपावर का भ्रमण किया। यहां के प्रबंधक कमलेश जोशी ने उन्हें बिजली बनने की प्रक्रिया आदि के बारे में बताया। इसके अलावा इस बिजली का कहां-कहां उपयोग होता है। बिजली खर्च का हिसाब कैसे रखा जाता है आदि जानकारी दी। देवानंद उनियाल ने यहां लगी मशीनों के उपयोग के बारे में बताया। यहां छात्रावास की अधीक्षक प्रेमा एठानी, वंदना, यशोदा, भावना, ममता, मंदिरा व सीता रहे।

### राजूहा करुली को भेंट किया वाटर कूलर

बागेश्वर। राजकीय जूनियर हाईस्कूल करुली में गांव के ही चंचल सिंह खेतवाल ने 50 लीटर क्षमता का एक का एक वाटर कूलर भेंट किया है। इससे यहां अध्ययरत छात्र गर्मियों में अपनी प्यास बुझाएंगे। अब उन्हें घर से पानी की बोतल लाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। सेवानिवृत्त खेतवाल ने स्कूल में सीसीटीवी लगाने की बात की है। जल्द स्कूल में कैमरा भी लग जाएगा। प्रधानाध्यापक नरेंद्र गोस्वामी ने चंचल खेतवाल के सहयोग के प्रति आभार जताया। यहां बसंती गोस्वामी, देव सिंह, इंद्र सिंह, दानवीर ईश्वरी लाल साह आदि रहे।

# एलोपैथी और आयुर्वेद को एक दूसरे के पूरक के रूप में देखना चाहिए : मुख्य सचिव

## आयुष विभाग द्वारा एलोपैथिक चिकित्सकों को आयुर्वेद का प्रशिक्षण दिए जाने के सम्बन्ध में बैठक

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने शुक्रवार को सचिवालय में अधिकारियों के साथ आयुष विभाग द्वारा एलोपैथिक चिकित्सकों को आयुर्वेद का प्रशिक्षण दिए जाने के सम्बन्ध में बैठक ली। मुख्य सचिव ने कहा कि एलोपैथी और आयुर्वेद को एक दूसरे के विरोधाभाषी के तौर पर न देख कर एक दूसरे के पूरक के रूप में देखना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य यह होना चाहिए कि एलोपैथिक चिकित्सकों के मन में जो आयुर्वेद को लेकर विरोधी मानसिकता और शंकाएं हैं, उन्हें दूर किया जा सके। उन्होंने कहा कि एलोपैथिक चिकित्सकों को आयुर्वेद के प्रशिक्षण के दौरान तथ्यों एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ प्रस्तुतिकरण दिया जाए।

मुख्य सचिव ने कहा कि आयुर्वेद को मात्र एक चिकित्सा पद्धति के रूप में न देखते हुए एक जीवन शैली के रूप में देखना चाहिए। यह मात्र बीमारियों का इलाज ही नहीं करती बल्कि आयुर्वेद को अपनाकर हम अपने शरीर को बीमारियां होने से रोक भी सकते हैं। इसे हमारी दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए इसके प्रभावों और होने वाले लाभों को आमजन तक पहुंचाना होगा। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद, योग, नेचुरोपैथी, यूनानी और होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के विकास से उत्तराखण्ड को विभिन्न प्रकार से लाभ हो सकता है। उन्होंने कहा कि ऋषिकेश पूरे विश्व



में योग के लिए जाना जाता है। योग और आयुर्वेद उत्तराखण्ड की आर्थिकी में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इसे अधिक से अधिक बढ़ावा दिया जाए। बैठक में बताया गया कि आयुष विभाग शीघ्र ही एलोपैथिक चिकित्सकों के लिए 6 दिवसीय आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति से सम्बन्धित प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत आयुर्वेद के सम्बन्ध में तथ्यों और सबूतों के माध्यम से बहुत सी भ्रांतियां दूर की जाएंगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन उत्तराखण्ड आयुर्वेद यूनिवर्सिटी के माध्यम से किया जायेगा। इस अवसर पर सचिव डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय एवं आर. राजेश कुमार सहित उत्तराखण्ड आयुर्वेद यूनिवर्सिटी और एचएनबी उत्तराखण्ड मेडिकल यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## गोपेश्वर में 11 महिलाओं को मिला स्व. सुषमा स्वराज सम्मान

चमोली। समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालीं 11 महिलाओं को भव्य समारोह में स्व. सुषमा स्वराज अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर चमोली जिले और राज्य के अलग अलग स्थानों से बड़ी संख्या में महिलाएं पारम्परिक वेशभूषा में पहुंचीं। सम्मान समारोह में पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा की वरिष्ठ नेता रहीं सुषमा स्वराज का भाव पूर्ण स्मरण किया गया। भाजपा महिला मोर्चा चमोली द्वारा आयोजित इस सम्मान समारोह में भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आशा नौटियाल, भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष डा. हिमानी वैष्णव , नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पा पासवान , कर्णप्रयाग के विधायक अनिल नौटियाल, भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश मैखुरी, भाजपा की वरिष्ठ नेता सरला खंडूरी ने महिलाओं को सम्मानित किया। चमोली जैसे दूरस्थ क्षेत्र में मेडिकल शिक्षा, अनुशासन, ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा के लिए एएनएम विमला शर्मा, उल्लेखनीय सामाजिक कार्य के लिए कमला देवी रावत और शिक्षा के क्षेत्र में प्रभावी कार्य के लिए शशि कंडवाल को स्व. सुषमा स्वराज अवार्ड से सम्मानित किया गया।

# सीडीओ की अध्यक्षता में हुई जी-20 सम्मेलन के आयोजन के सम्बन्ध में गठित प्रचार-प्रसार समिति की बैठक

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। मुख्य विकास अधिकारी सुश्री झरना कमठान की अध्यक्षता में आज जी-20 सम्मेलन के आयोजन के सम्बन्ध में गठित प्रचार-प्रसार समिति एवं विभागीय अधिकारियों के साथ जनपद में वृहद्धस्तर पर प्रचार-प्रसार को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने उपस्थित समस्त अधिकारियों एवं समिति के सदस्यों को निर्देशित किया कि प्रस्तावित जी-20 सम्मेलन की मेजबानी राज्य को मिला, जो कि एक ऐतिहासिक उपलब्धि है इसकी वृहद्धस्तर पर प्रचार-प्रसार करना सुनिश्चित करेंगे सभी विभाग आपसी समन्वय करते हुए कार्यालय के शासकीय कार्यों में होने वाले पत्राचार, सोशल साईट इत्यादि एवं गोष्ठी सेमिनार, आयोजित बैठक आदि किसी भी प्रकार के कार्यक्रम शासकीय क्रियाकलापों एवं विज्ञापन इत्यादि में भी जी-20 सम्मेलन के लोगो एवं अन्य प्रकार की प्रचार सामग्री के माध्यम से प्रचार-प्रसार करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने प्रचार-प्रसार समिति के सदस्यों को निर्देशित किया कि सोशल मीडिया के सभी माध्यमों तथा प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया पर भी जी-20 सम्मेलन आयोजन को लेकर वृहद्धस्तर पर जनजागरूकता हेतु प्रचार-प्रसार करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही कहा कि आउटडोर मीडिया के सभी माध्यमों पर भी प्रचार-प्रसार कराएंगे। उन्होंने सम्बन्धित विभागों को सभी महत्वपूर्ण स्थानों पर पोस्टर, बैनर, होर्डिंग्स, लाईव स्क्रीन्स/कियोस्क आदि लगाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि राज्य में होने वाले विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यक्रमों भांति इस कार्यक्रम का भी वृहद्ध स्तर पर प्रचार-प्रसार एवं कवरेज करने के निर्देश दिए। कहा कि इस कार्यक्रम को आमजन से जोडे जाने हेतु प्रयास किया जाए तथा इसमें सभी का सहयोग लेते हुए आम जन की भागीदारी सुनिश्चित करायी जाए ताकि राज्य सरकार एवं विभागों द्वारा जारी होने वाले विभिन्न पत्रों, वेबसाईट विभिन्न प्रकार के बिलों एवं यथासम्भव अन्य प्रपत्रों पर जी-20 का लोगो लगाए जाए।

जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में सामुदायिक सहभागिता बढ़ाने के लिए मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में स्कूल/कालेजों/गोष्ठियों आदि में प्रचार-प्रसार किया जाए तथा प्रोजेक्टर के माध्यम से भी जी-20 सम्मेलन का प्रचार-प्रसार किया जाए तथा जी-20 से संबंधित सम्मेलन के संबंध में विभिन्न माध्यमों से प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि अधिक से अधिक लोगों को जी-20 का सहयोगी बनाया जा सके। बैठक में निदेशक ग्राम्य विकास अभिकरण आर.सी तिवारी, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी विद्याधर कापड़ी, जन सम्पर्क अधिकारी स्मार्ट सिटी लि0 प्रेरणा ध्यानी सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे।



## सीडीओ ने की जिला योजना/राज्य योजना/केन्द्र पोषित/वाह्य सहायतित योजनाओं की प्रगति समीक्षा

देहरादून। मुख्य विकास अधिकारी सुश्री झरना कमठान की अध्यक्षता में विकासभवन सभागार में जिला योजना/राज्य योजना/केन्द्र पोषित/वाह्य सहायतित योजनाओं में विभागों द्वारा की गई प्रगति की समीक्षा की गई। जिला योजना में अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष 95 प्रतिशत, राज्य सेक्टर में 85 प्रतिशत, केन्द्र पोषित योजनाओं में 92 प्रतिशत तथा वाह्य सहायतित योजनाओं में 70 प्रतिशत धनराशि का व्यय किया गया तथा सभी मदों में अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष 83.88 प्रतिशत धनराशि का व्यय किया गया। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि प्राप्त धनराशि को शत-प्रतिशत व्यय करते हुए उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने रेशम एवं शिक्षा विभाग के सम्बन्धित अधिकारी की अनुपस्थित रहने पर जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी को स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि आवंटित धनराशि को शत प्रतिशत व्यय करना सुनिश्चित करेगें। आवंटित धनराशि के सापेक्ष शत्प्रतिशत व्यय न करने वाले आहरण वितरण अधिकारी की वार्षिक प्रवृष्टि पर प्रतिकूल प्रविष्टि दर्ज की जाएगी। मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि जिला योजना में 100 प्रतिशत से कम प्रगति वाले विभागों से नाराजगी व्यक्त करते हुए सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को 20 मार्च तक शत्प्रतिशत प्रगति बढाने के निर्देश दिए। उन्होंने राज्य सेक्टर में 95 प्रतिशत से कम प्रगति पर उद्यान, लघु सिंचाई, लोक निर्माण विभाग, पंचायतीराज, वन विभाग, पेयजल निगम आदि विभागों के अधिकारियों को शत्-प्रतिशत प्रगति बढाने के निर्देश दिए। बीस सूत्रीय कार्यक्रम में न्यून प्रगति वालो विभागों में आने वाले विभागों पर नाराजगी जाहिर करते हुए प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने केन्द्र पोषित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए 95 प्रतिशत से कम प्रगति वाले विभागों लोनिवि विभाग, पीएमजीएसवाई, पेयजल संस्थान,कृषि, पंचायतीराज विभाग को शत-प्रतिशत प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। बैठक में परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास अभिकरण आर सी तिवारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी शशिकांत गिरी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 संजय जैन, सहायक निदेशक सूचना बी.सी नेगी, महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र अंजली रावत, अपर संख्याधिकारी राजीव शर्मा, लो.नि.वि, सिंचाई, जल संस्थान, समाज कल्याण, उरेडा, कृषि आदि संबंधित विभागों के अधिकारी कार्मिक उपस्थित रहे।

# देहरादून में संबद्ध मेडिकल कॉलेज के कर्मियों को वापस भेजा

श्रीनगर ग ?वाल। राजकीय दून मेडिकल कॉलेज देहरादून और चिकित्सा शिक्षा निदेशालय में संबद्ध किए गए मेडिकल कॉलेज श्रीनगर के एक एसोसिएट प्रोफेसर व दो फार्मासिस्टों सहित नौ कर्मचारियों की संबद्धता संयुक्त निदेशक, चिकित्सा शिक्षा निदेशालय के स्तर से समाप्त कर उन्हें मूल नियुक्ति स्थल के लिए कार्यमुक्त कर दिया गया है। चिकित्सा शिक्षा निदेशालय उत्तराखंड की ओर से नौ मार्च गुरुवार को जारी आदेश में कहा गया है कि प्राचार्य वीर चंद्र सिंह गढ़वाली राजकीय आयुर्विज्ञान एवं शोध संस्थान श्रीनगर के द्वारा 4 मार्च को भेजे गए पत्र पर यह कार्रवाई की गई है। मेडिकल कॉलेज श्रीनगर में आवश्यकता के दृष्टिगत अधिकारियों और कर्मचारियों के संबद्धीकरण/आबद्धीकरण के आदेशों को तत्काल प्रभाव से निरस्त करते हुए प्राचार्य कार्यालय श्रीनगर हेतु कार्यमुक्त किया गया है। जिसके बाद चिकित्सा शिक्षा निदेशालय से संबद्ध अनिल कुमार उनियाल (चीफ फार्मासिस्ट), अरविंद मैठाणी (प्रवर सहायक), रोशन सिंह पटवाल (वैयक्तिक सहायक), दीपक चंद (कनिष्ठ सहायक), विजेंद्र सिंह राणा (डीईओ), पूजा नेगी (रिकार्ड क्लर्क) तथा राजकीय दून मेडिकल कॉलेज देहरादून से संबद्ध डॉ. निधि नेगी (एसो. प्रोफेसर), प्रमिला बिष्ट (फार्मासिस्ट) व रीना बहुगुणा (कनिष्ठ सहायक) अपनी योगदान आख्या प्राचार्य वीर चंद्र सिंह गढ़वाली राजकीय आयुर्विज्ञान एवं शोध संस्थान श्रीनगर में सुनिश्चित करेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### डायट के शैक्षणिक कार्यक्रमों को और अधिक प्रभावी बनाया जायेगा: डीएम

चमोली। शिक्षक प्रशिक्षण एवं गुणवत्ता युक्त शिक्षा को और अधिक प्रभावशाली बनाने की कवायद की जायेगी। गुरुवार को जिलाधिकारी हिमांशु खुराना की अध्यक्षता में कार्यक्रम परामर्श समिति की बैठक में शिक्षा शैक्षणिक कार्यक्रमों पर महत्वपूर्ण विमर्श हुआ। वित्तीय वर्ष 2023-24 में डायट की प्रस्तावित कार्ययोजना एवं गतिविधियों को लेकर भी परिचर्चा की गई। जिलाधिकारी ने डायट के शैक्षणिक कार्यक्रमों एवं प्रशिक्षण गतिविधियों को और अधिक प्रभावशाली बनाने पर जोर दिया। जिला अधिकारी ने कहा अभी तक संपादित कार्यक्रमों का तुलनात्मक अध्ययन और मूल्यांकन किया जाए। शिक्षक संघों के साथ औपचारिक बैठक करते हुए उनके अच्छे सुझावों को भी शैक्षणिक कार्यक्रमों में सम्मलित किया जाए। शिक्षकों को उनकी रूचि के आधार पर भी प्रशिक्षण दें। ताकि बच्चों को और प्रभावशाली एवं गुणवत्तापरक शिक्षा मिल सके। प्रबंधन एवं नियोजन विभाग के प्रवक्ता ने डायट के द्वारा संपादित कार्यक्रम एवं गतिविधियों से जिलाधिकारी को अवगत कराया और इस वित्तीय वर्ष के लिए प्रस्तावित कार्यक्रमों की जानकारी दी। बैठक में मुख्य शिक्षा अधिकारी कुलदीप गैरोला, डायट के प्राचार्य आरएस वर्त्वाल, प्रवक्ता वीरेन्द्र कठैत, बीआरसी समन्वयक प्रेम सिंह फर्स्वाण, एसएसए समन्वयक प्रदीप बिष्ट, एनजीओ अजीज प्रेमजी फाउडेसन से ववेक जोशी एवं समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### सात आयु वर्गों में हुआ क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन

चमोली। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत खेल विभाग द्वारा आयोजित क्रॉस कंट्री में खिलाडयिों ने पूरा दम खम दिखाया। शुक्रवार को बालक एवं बालिकाओं की सात आयु वर्गों में क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन किया गया। क्रॉस कंट्री दौड़ में बालक वर्ग अण्डर 12 वर्ष के बालकों के लिए 2 किमी. दौ? में 217 बालकों ने भाग लिया। जीआईसी बैंरागना के अभिषेक प्रथम रहे। अण्डर 14 वर्ष के बालकों के लिए 3 किमी. दौ? में 89 बालकों ने भाग लिया। इसमें प्रेम शान्ति एकेडमी के आयुष प्रथम रहे। अण्डर 17 वर्ष के बालकों के लिए 5 किमी. दौ? में 85 बालकों ने भाग लिया। इसमें जीआईसी बैंरागना के अमन ठाकुर जीते। अण्डर 20 वर्ष के बालकों के लिए 7 किमी. दौ? में 13 बालकों ने भाग लिया। इसमें पीजी कॉलेज गोपेश्वर के विजय प्रथम रहे। बालिका वर्ग अण्डर 12 वर्ष की बालिका वर्ग हेतु 2 किमी दौ? में 113 बालिकाओं ने भाग लेकर जीआईसी बैरागना की अंशिका विजेता रहीं। इसके अतिरिक्त दौ? पूरी करने वाली सबसे कम आयु की एनपीएस गोपेश्वर की सिया रावत को भी पुरस्कृत किया गया। अंडर 14 वर्ष की बालिका वर्ग हेतु 3 किमी दौ? में 106 बालिकाओं ने भाग लेकर जीआईसी डुंगरी मैकोट की टैमी जीतीं। अण्डर 17 वर्ष की बालिका हेतु 5 किमी0 दौ? में 15 बालिकाओं ने भाग लेकर पीजी कालेज गोपेश्वर की मेघा ने प्रथम स्थान हासिल किया। सभी विजेता खिला?यिों को जिला युवा कल्याण अधिकारी चमोली शरत सिंह भण्डारी द्वारा पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में प्रभारी जिला क्री?ाधिकारी जयवीर रावत , शिक्षक केसी पंत, गोपाल बिष्ट, पृथ्वी सिंह रावत, हरेन्द्र कुंवर, जयदीप झिक्वांण, रघुनाथ बुटोला, रमेश पंखोली, जगदीश रावत, रेखा रावत, रश्मि विष्ट, संतोषी चौहान, गीता रावत एवं शकुन्तला मौजूद रहे।

### हाईवे जाम करने वालों पर हो सकती है पुलिस कार्रवाई

रुद्रप्रयाग। बीते दिन गुलाबराय के समीप जवाड़ी बाईपास पर हुई घटना के बाद ऋषिकेश-बदरीनाथ हाईवे जाम करने वालों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की तैयारी कर ली है। पुलिस के मुताबिक करीब 70-80 लोगों के खिलाफ हाईवे जाम करने के आरोप में मुकदमा लिखा जाएगा। जवाड़ी बाईपास में रेलवे की सुरंग में हुई दर्दनाक घटना के बाद भले ही लोगों का आक्रोश जायज था किंतु पुलिस का कहना है कि कई समझाने के बाद भी हाईवे जाम किया गया। जबकि हाईवे को जाम नहीं किया जा सकता है। पुलिस उपाधीक्षक प्रबोध कुमार घिल्डियाल ने बताया कि हाईवे जाम करने की स्थित में पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को काफी समझाया किंतु इसके बाद भी उन्होंने दो घंटे से अधिक हाईवे जाम किया। ऐसी स्थिति में उनके खिलाफ निश्चित तौर पर कार्रवाई होगी। इसके लिए पुलिस ने पूरे घटनास्थल का अध्ययन किया। उन्होंने बताया कि करीब 70 से 80 लोगों के खिलाफ आईपीसी की धारा 187, 283 में मुकदमा लिखा जाएगा। उन्होंने बताया कि मानव अधिकारों का किसी भी दशा में हनन नहीं किया जा सकता है। वह भी हाईवे जैसे स्थान को किसी भी दशा में जाम नहीं किया जा सकता है। पुलिस ने जल्द कार्रवाई करेगी।

### केदारनाथ धाम पहुंची बर्फ हटाने वाली मजदूरों की टीम

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ पैदल यात्रा मार्ग से बर्फ हटाने वाली टीम केदारनाथ धाम तक पहुंच गई है। गौरीकुंड से केदारनाथ धाम तक घोड़े खच्चरों की आवाजाही भी शुरू हो गई है। अब यात्रा के लिए बुनियादी और जरूरी सामान केदारनाथ धाम पहुंचाया जाने लगा है। हालांकि दूसरे चरण में डीडीएमए की टीम पैदल मार्ग को 15 फीट आवाजाही के लिए तैयार करेगा। केदारनाथ यात्रा को लेकर प्रशासन की तैयारियां तेजी से आगे बढ़ रही है। गौरीकुंड से केदारनाथ तक पैदल मार्ग को आवाजाही के लिए खोल दिया गया है।